संख्या-143/2020/1339ई/23-11-2022/002-668ई/2011

प्रेषक,

राज कुमार,
अनु सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

मुख्य कार्यपालक अधिकारी,
उत्तर प्रदेश राज्य राजमार्ग प्राधिकरण,
गोमती नगर, लखनऊ।

लोक निर्माण अनुभाग-11 **लखनऊ: दिनांक 22 सितम्बर, 2022**

विषय:- वित्तीय वर्ष 2022-23 में उत्तर प्रदेश राज्य राजमार्ग प्राधिकरण हेतु गैर वेतन मद में प्राविधानित धनराशि की स्वीकृति के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक वित्त नियंत्रक/सदस्य (वित्त), उत्तर प्रदेश राज्य राजमार्ग प्राधिकरण, लखनऊ के पत्र संख्या-448/लेखा/बजट/2022-23/उपशा/लखनऊ, दिनांक 18-08-2022 के सन्दर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि वित्तीय वर्ष 2022-23 के आय-व्ययक में अनुदान संख्या-58 के अन्तर्गत उत्तर प्रदेश राज्य राजमार्ग प्राधिकरण हेतु लेखाशीर्षक-3054 गैर वेतन मद में प्राविधानित धनराशि रू0 80.00 लाख के सापेक्ष रू0 20.00 लाख (रू0 बीस लाख मात्र) की धनराशि व्यय हेतु आपके निवर्तन पर निम्नलिखित शर्तो/प्रतिबन्धो के अधीन रखे जाने की श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते है:-

(1) उक्त धनराशि का व्यय शासन द्वारा निर्धारित शर्तो/प्रतिबन्धों तथा वित्त विभाग के आदेशों/वित्तीय हस्तपुस्तिका/बजट मैनुअल के प्राविधानों का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए किया जायेगा।

(2) अवमुक्त की जा रही धनराशि का कोषागार से वास्तविक आवश्यकतानुसार आहरण किया जायेगा।

(3) आहरण/व्यय की सूचना उ0प्र0 शासन तथा महालेखाकार (राजकोष/लेखा) उ0प्र0, प्रयागराज को प्रेषित की जायेगी तथा लेखों का मिलान महालेखाकार के खाते से किया जायेगा।

(4) वित्त विभाग के कार्यालय ज्ञाप संख्या-13/2022/बी-1-454/दस-2022-231/2022, दिनांक 07-06-2022 में निहित प्राविधानों का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

http://shasanadesh.up.nic.in

2- उपर्युक्त पर होने वाला व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2022-23 के आय-व्ययक के अनुदान संख्या-58 के अन्तर्गत लेखाशीर्षक-3054-सड़क तथा सेतु-03-राजकीय राजमार्ग-800-अन्य व्यय-03-उत्तर प्रदेश राज्य राजमार्ग प्राधिकरण को सहायता-0301-राज्यमार्गो का अनुरक्षण-20-सहायता अनुदान-सामान्य (गैर वेतन) के नामे डाला जायेगा।

3- वित्त विभाग के कार्यालय ज्ञाप संख्या-13/2022/बी-1-454/दस-2022-231/2022, दिनांक 07-06-2022 में निहित प्राविधानों के अन्तर्गत जारी की जा रही है।

भवदीय,

(राज कुमार)
अनु सचिव।

संख्या-143/2020/1339ई(1)/23-11-2022/002-668ई/2011, तददिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1- निजी सचिव, मा0 उप मुख्यमंत्री, लोक निर्माण विभाग, उ0प्र0।
2- महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) प्रथम/द्वितीय, उत्तर प्रदेश इलाहाबाद।
3- महालेखाकार (लेखा-परीक्षा) प्रथम/द्वितीय, उत्तर प्रदेश इलाहाबाद।
4- प्रमुख अभियन्ता (विकास) एवं विभागाध्यक्ष, लोक निर्माण विभाग, लखनऊ।
5- मुख्य कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
6- सदस्य, वित्त उ0प्र0 राज्य राजमार्ग प्राधिकरण, मण्डी भवन, लखनऊ।
7- वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-8/वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1/2/4
8- लोक निर्माण अनुभाग-10
9- नोडल अधिकारी (आनलाईन बजट एलॉटमेन्ट सिस्टम), लोक निर्माण विभाग, उ0प्र0 शासन।
10- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(राज कुमार)
अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in